प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 18.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— सुकमा जिले में चालीस लाख रूपए के इनामी बाईस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2— सुकमा जिले का बड़ेसट्टी बना छत्तीसगढ़ का पहला नक्सल मुक्त गांव।

3— मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

4— सीजीपीएससी घोटाले मामले में सीबाआई ने आज रायपुर और महासमुंद में पांच स्थानों पर दबिश दी—दस्तावेज भी जब्त किए।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**माओवादी—आत्समर्पण**

सुकमा जिले में आज एक नक्सली दंपत्ति सहित बाईस माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें नौ महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों ने सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण सहित अन्य पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों पर कुल चालीस लाख पचास हजार रूपए का इनाम घोषित था। ये सभी माओवादी माड़ और नुआपाड़ा डिवीजन में सक्रिय थे।

सभी माओवादियों को शासन की नई पुनर्वास नीति के तहत पचास—पचास हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि माओवादी अब समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। श्री साय ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार मार्च दो हजार छब्बीस तक छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से नक्सलवाद का समूलनाश निश्चित है।

इस बीच, नारायणपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत सुरक्षा बलों को माओवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। जिले के कसोड़—कुमुरादी के जंगल में हुई मुठभेड़ में हथियार बंद सीनियर कैडर माओवादी भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और अन्य सामान छोड़कर भाग निकले। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान डीआरजी और आईटीबीपी की टीम ने छह लाख रूपए नगद, ग्यारह लैपटॉप, विस्फोटक पदार्थ सहित अन्य दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है। पुलिस ने दावा किया है कि इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में माओवादी मारे गए हैं या घायल

हुए हैं। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. और जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने माओवादियों से हथियार छोड़ने की अपील की है।

**नक्सल मुक्त–गांव**

सुकमा जिले का बड़ेसट्टी गांव अब नक्सल मुक्त हो चुका है। इस गांव में सक्रिय अंतिम ग्यारह माओवादियों ने आज सरकार के सामने हथियार डाल दिए हैं। अब सरकार की नई आत्मसमर्पण, पुनर्वास नीति और इलवद पंचायत योजना के तहत इस गांव के विकास के लिए एक करोड़ रूपए दिए जाएंगे। यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सामुदायिक भवन जैसे प्राथमिक ढांचे के विकास में खर्च की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुकमा जिले में सक्रिय ग्यारह माओवादियों के सामूहिक आत्मसमर्पण को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलवाद के समाधान के लिए जिस संवेदनशील और दूरदर्शी नीति को अपनाया है, उसका परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। आज का आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि विश्वास, पुनर्वास और विकास की त्रि–स्तरीय रणनीति से माओवादियों को मुख्य धारा से जोड़ने में सफलता मिल रही है।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना–सम्मान**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लागू करने के मामले में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बारहवीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य के मोहला – मानपुर– चौकी और सक्ति को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन आज से केरल के तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ। यह सम्मान केन्द्रीय कैबिनेट सचिव के हाथों छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक बी.के. मिश्रा और उपसंचालक उद्यानिकी नीरज शाह ने प्राप्त किया। इसके साथ ही मोहला–मानपुर–चौकी जिले की कलेक्टर तूलिका प्रजापति और सक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट का अवार्ड प्राप्त किया।

**जांजगीर–प्लांट हादसा–मौत**

जांजगीर के चाम्पा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में पिछले दिनों हुए एक हादसे में घायल जनरल मैनेजर अनूप चतुर्वेदी की इलाज के दौरान हैदराबाद में मौत हो गई है। अन्य तीन घायल अधिकारियों–कर्मचारियों का इलाज हैदराबाद में जारी है। वहीं, अन्य नौ लोगों का इलाज रायपुर और भिलाई के अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद औद्योगिक सुरक्षा विभाग ने प्लांट प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही घटनास्थल को सील कर दिया है। विभाग की जांच में प्लांट प्रबन्धन की लापरवाही सामने आई है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है। इस मामले में चांपा पुलिस पहले ही प्लांट के दो अधिकारियों और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चुकी है।

**बीएड बर्खास्त शिक्षक–आंदोलन समाप्त**

प्रदेश में बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। उनके एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात करने के बाद आंदोलन समाप्ति की घोषणा की। बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षक अपनी मांगों को लेकर पिछले एक सौ छब्बीस दिनों से आंदोलन कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षकों से कहा कि उनकी समस्याओं को समझते हुए सरकार सहानुभूति के साथ इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले के समाधान के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

## हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

प्रदेश में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के कार्य में तेजी लाने के लिए अनुबंधित कम्पनियों द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। कम्पनियों की यूनिटों में कार्यबल बढ़ाया जाएगा। साथ ही हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की सुविधा जिला परिवहन कार्यालयों में भी उपलब्ध होगी। परिवहन सचिव और आयुक्त एस. प्रकाश ने अनुबंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक बैठक में यह निर्देश दिए।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के अनुसार राज्य में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## सीबीआई–छापा

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने पीएससी भर्ती घोटाले मामले में आज रायपुर के तीन और महासमुंद में दो स्थानों पर पांच आरोपियों के परिसर में छापे मारी की। इस दौरान कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पीएससी भर्ती घोटाले से संबंधित मामले की जांच के दौरान इन आरोपियों की भूमिका सामने आई है। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर एक मामला दर्ज किया था।

इससे पहले, यह मामला स्थानीय पुलिस ने दर्ज किया था, जिसमें वर्ष दो हजार बीस से दो हजार बाईस के बीच हुई पीएससी परीक्षाओं में डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य वरिष्ठ पदों पर योग्यता की बजाय सिफारिश के आधार पर नियुक्तियां करने का आरोप था। सीबीआई ने इस मामले में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और एक निजी इस्पात कंपनी के निदेशक श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने इसी साल जनवरी में रायपुर की विशेष सीबीआई अदालत में सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## दीपक म्हस्के–पदभार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नव नियुक्त अध्यक्ष दीपक म्हस्के के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और आवश्यक दवाओं और उपकरणों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## बातों–बातों में

________श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **पोषण पखवाड़े** पर केन्द्रित है। इस कार्यक्रम में कल उन्नीस अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से आहार विशेषज्ञ लक्ष्मी पांडेय से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## गुड फ्राइडे

________आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मनुष्य को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है।

प्रभु ईसा मसीह के बलिदान दिवस पर राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

प्रदेश में आज से तापमान में बढ़ोतरी का दौर फिर से शुरू हुआ है, हालांकि मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– महिला और बाल विकास विभाग ने बालोद के जिला कार्यक्रम अधिकारी को कर्तव्य में लापरवाही और अनियमितता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

– जांजगीर की चांपा पुलिस ने करीब एक करोड़ चौबीस लाख रूपये की धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति को जमीन खरीदी–बिक्री और शेयर बाजार में मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी की थी।

– जांजगीर–चांपा जिले के पामगढ़ में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

– कोंडागांव जिले के केशकाल वनमंडल में आज से वन सीमा सुरक्षा सप्ताह शुरू हुआ है, जो चौबीस अप्रैल तक चलेगा।

– रायगढ़ जिले में जिंदल पावर लिमिटेड की कोल माइंस में हुए विस्फोट में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अन्य दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>